भारत- मकाउ संबंध

मकाउ की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन और गैम्बलिंग उद्योग है। वर्ष 2013 में मकाउ में 29.3 मिलियन पर्यटक आए थे। मकाउ भारतीयों के लिए एक बड़ा पर्यटन स्थल बन गया है और वर्ष 2013 में मकाउ की यात्रा पर आने वाले भारतीयों की संख्या 160,000 थी। मकाउ में एक छोटा भारतीय समुदाय है जो अधिकांशत: गोवा मूल के हैं। कुछ व्यवसायी हैं, उनमें से कुछ सरकारी विभागों में काम करते हैं और उनमें से कुछ लोग होटलों तथा रेस्टोरेंटों एवं गेमिंग उद्योग में काम करते हैं।

भारत ने मकाउ के साथ दो द्विपक्षीय करारों पर हस्ताक्षर किए हैं। ये हैं, फरवरी 1998 में हस्ताक्षरित वायु सेवा करार और जनवरी 2012 में हस्ताक्षरित टैक्स संबंधी सूचना का आदान-प्रदान करार।

मकाउ के साथ द्विपक्षीय व्यापार न के बराबर है और यह वर्ष 2013 में अत्यल्प 14.01 मिलियन यूएस डॉलर रहा, जिसमें से मकाउ को भारतीय निर्यात 12.20 मिलियन यूएस डॉलर और मकाउ से भारत के आयात 1.81 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के थे। भारत से निर्यात किए जाने वाले कई उत्पादों में शीथ कंट्रासेप्टिव, चमड़े की अथवा चमड़े की संरचना में बनी पहनने की वस्तुएं, मछली के सिर, पूंछ और पेट, पास्ता और लिक्विड डाइ-इलैक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर शामिल हैं।

भारत - मकाउ द्विपक्षीय व्यापार

[राशि मिलियन यूएस डॉलर में]

	2012		2013		जनवरी-नवंबर 2014	
निर्यात/ आयात	कुल	वृद्धि%	कुल	वृद्धि%	कुल	वृद्धि%
मकाउ को भारत से निर्यात	7.15	+33.1%	12.20	+70.5%	10.16	-6.1%
मकाउ से भारत को निर्यात	0.37	+215.6%	1.81	+351.6%	2.34	+78.3%
कुल द्विपक्षीय व्यापार	7.52	37.1%	14.01	+85.42%	12.50	-3.0%

(स्रोत: जनगणना एवं सांख्यिकी विभाग, मकाउ सरकार)

उपयोगी स्रोत:

भारत के कांसुलेट जनरल, हांग कांग की वेबसाइट :
http://www.cgihk.gov.in/
भारत के कांसुलेट जनरल, हांग कांग का फेसबुक पृष्ठ:
https://www.facebook.com/pages/Consulate-General-of-India-Hong-Kong/1376465755952703

*****

दिसंबर 2014